commissioned in August, 1988. Parallel BG line from Dindigul to Madurai is targetted for completion in 1992-93.

(b) Rs. 76.92 crores.

(c) Work on Madurai-Maniyachchi section has been taken up and its completion would depend upon availability of resources in the coming years.

रेलगाड़ियों में बिना टिकट यात्रा

629. श्री रूपचन्द्र पालश्रोष : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलगाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है ;

(ख) यदि हां, तो चालू वर्ष और पिछले वर्ष के दौरान अब तक बिना टिकट यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों की संख्या कितनी है और उनसे जुर्माने की कुल कितनी राशि वसूल की गई है ;

(ग) क्या बिना टिकट यात्रा को रोकने के लिए सरकार का टिकट निरीक्षकों की संख्या में वृद्धि करने का विचार है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) वर्ष 1990-91 और अप्रैल से सितम्बर,, 91 के दौरान बिना टिकट पकड़े गए व्यक्तियों की संख्या क्रमशः 45.39 लाख और 16.94 लाख थी, संबंधित अवधियों के दौरान उनसे रेलवे के बकाया के रूप में 25.12 करोड़ रुपए और 13.59 करोड़ रुपए वसूल किए गए थे ।

(ग) से (ङ) जहां कहीं औचित्यपूर्ण होता है, टिकट जांच कर्मचारियों के पदों का सृजन करने के लिए रेल उपाय करती हैं ।

मुम्बई रिजर्वेशन कार्यालय में रेल टिकटों का ब्लैक में बेचा जाना

629. श्री विश्वासराव रामराव पाटिल : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई बी०टी० तथा मुम्बई सैंट्रल में रिजर्वेशन कार्यालयों में "रिजर्वेशन नॉट अवेलेबल" का बोर्ड हमेशा लगा रहता है जबकि ब्लैक में टिकट हर समय उपलब्ध होती हैं ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि स्टाफ के ही कुछ लोग असामाजिक तत्वों की सहायता से जाली नामों से टिकटें खरीदते हैं ;

(घ) यदि हां, तो इस बुराई को रोकने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ;

(ङ) क्या यह सच है कि मुम्बई सैन्ट्रल-दिल्ली मार्ग पर कम रेल गाड़ियां होना चल रहे इस अचार का एक कारक है ; और

(च) क्या सरकार इस मार्ग पर एक नई रेलगाड़ी चलाने का विचार रखती है ; यदि हां, तो यह रेल गाड़ी कब तक चलाई जाएगी ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) ऐसा कोई मामला नोटिस में नहीं आया है, तथापि, दलालों की अवांछनीय गतिविधियों पर काबू पाने के लिए धोखा-धड़ी विरोधी दस्तों तथा